an>

Title: The Prime Minister made a statement regarding India's response to grant of bail in Pakistan to accused conspirator in Mumbai Attack.

प्रधान मंत्री (श्री नरेन्द्र मोदी) : आदरणीय अध्यक्ष महोदया, बंगलादेश के राष्ट्रपति आज यहां हैं तो मैं उनके साथ मीटिंग में व्यस्त था। आज सदन ने पाकिस्तान में जो तत्कालीन घटना घटी है, उसके विषय में एक स्वर से चिंता जतायी है, निंदा जतायी है। भारत सरकार ने इस घटना के तुरंत बाद पाकिस्तान से कड़े से कड़े शब्दों में भारत की भावना को व्यक्त किया है, उन्हें मैसेज पहुंचाया है। पाकिस्तान से अपेक्षा की है कि अभी-अभी उनके यहां जो भयंकर घटना घटी है, बच्चों का जो भयंकर संहार हुआ है, जितनी पीड़ा पाकिस्तान को हुई है, भारत को उससे रत्ती भर कम नहीं हुई है। हिन्दुस्तान के हर बच्चे के आंख में आंसू है, हर हिन्दुस्तानी की आंख में आंसू है। उसके तुरंत बाद इस प्रकार का रवैया दुनिया भर के मानवतावादी हर व्यक्ति के लिए बहुत बड़ा सदमा पहुंचाने वाला है। पाकिस्तान को उचित शब्दों में बात पहुंचा दी गयी है। सदन ने जो भावना व्यक्त की है, उस भावना का आदर करते हुए सरकार की आगे की गतिविधियां उसी संदर्भ में रहेंगी, उसी प्रकाश में रहेंगी। मंडे को विदेश मंत्री जब बंगलादेश के राष्ट्रपति जी की, आज की व्यस्तता से मुक्त होकर सदन में विस्तार से अपना बयान देकर सदन और देश को अवगत करायेंगी।